प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1800बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एशियाई खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों की प्रशंसा करेंगे और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करेंगे। एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदक सहित भारत ने कुल 107 पदक जीते हैं। एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के दौरे के दूसरे दिन आज कांगड़ा ज़िले के रिडी कुठेड़ा और नारी पंचायत में मेरी माटी–मेरा देश अभियान कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा में भाग लिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से कलश में माटी एकत्रित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने देश के बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों को सम्मान देने के लिए मेरी माटी–मेरा देश अभियान को शुरुआत की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस अभियान के तहत 'अमृत कलश यात्रा' निकाली जा रही है और ये अभियान ब्लॉक, नगर पालिका, निगम और राज्य स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के कोने–कोने से 75 सौ कलशों में मिट्टी लेकर यह 'अमृत कलश यात्रा' देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी कुरीति से दूर रखने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सभी वर्गों को आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

अंशदान

दिल्ली सरकार ने प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन से आई आपदा से निपटने के लिए राज्य सरकार को 10 करोड़ रूपए की सहायता राशि आपदा राहत कोष 2023 के लिए प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने ये सहायता राशि प्रदान करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये सहायता राशि आपदा प्रभावितों को मदद प्रदान करने में कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने आम लोगों से भी इस राहत कोष में अधिक से अधिक अंशदान करने का आग्रह किया है ताकि प्रभावितों की हर संभव मदद की जा सके।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना ज़िले के नागरिक चिकित्सालय हरोली में आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया। आयुष्मान भव योजना के तहत आयोजित इस मेले में विशेषज्ञों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने हरोली अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और रोगियों का कुशलक्षेम भी पूछा। अग्निहोत्री ने अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ से भी बातचीत की और विभिन्न व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान हरोली के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय मनकोटिया ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में 4 सौ 50 मरीज़ों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गईं।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार ज़िला परिषद कैडर कर्मचारियों की विभाग में विलय की मांग को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। सोलन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी औपचारिकताओं और बजट को ध्यान में रख कर प्रदेश सरकार इन

कर्मचारियों की मांग को पूरा करेगी। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि 11 अक्तूबर को होने वाली कैबिनेट बैठक में भी इस संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा।

इस बीच, अनिरूद्ध सिंह ने कल देर शाम सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित 19वें हिमाचल उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्राकृतिक खेती

केन्द्र सरकार रसायनमुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में देश के अकांक्षी ज़िलों में शामिल चम्बा में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सरू द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र चम्बा के प्रभारी राजीव रैना ने बताया कि केन्द्र की ओर से ज़िले के 10 अलग–अलग क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती के ट्रायल लगाए गए हैं और इनकी निगरानी भी की जा रही है।

....